तापमान

अधिकतम 29.2 डिग्री

न्यूनतम 18.2 डिग्री

हरिभूमि

# जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, गुरुवार, 26 मार्च 2026

[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

2

मेडिकल कॉलेज को आवंटित भूमि से हटाया गया अवैध अतिक्रमण



## खबर संक्षेप

### शासन को भेजा गया सोनक्यारी सन्ना सड़क का प्राक्कलन

**जशपुरनगर।** सोनक्यारी से सन्ना तक सड़क की स्थिति के संदर्भ में कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग संभाग जशपुर ने जानकारी देते हुए बताया कि, यह सड़क वर्ष 2025-26 के बजट में शामिल है। इस सड़क का प्राक्कलन तैयार कर स्वीकृति हेतु शासन की ओर प्रेषित किया गया है। उन्होंने बताया कि, जैसे ही शासन से स्वीकृति प्राप्त होगी नियमानुसार कार्य प्रारंभ कर निर्धारित समय-सीमा में इसे पूर्ण किया जाएगा। इसके साथ ही वर्तमान में आमजन की आवाजाही को सुगम बनाए रखने के उद्देश्य से इस मार्ग पर वार्षिक मरम्मत के अंतर्गत सुधार कार्य कराए गए हैं, ताकि सड़क की स्थिति यथासंभव बेहतर बनी रहे।

### प्रयास आवासीय विद्यालय में 9वीं के लिए आवेदन 17 तक

**जशपुरनगर।** प्रयास आवासीय विद्यालय में बालक एवं बालिकाओं दोनों वर्गों के लिए शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए ऑनलाइन माध्यम से आवेदन करने की प्रक्रिया 24 मार्च से प्रारंभ हो चुकी हैं, जिनकी अंतिम तिथि 17 अप्रैल रात्रि 12 बजे तक निर्धारित की गई है। अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र में त्रुटि सुधार 18 अप्रैल से 21 अप्रैल रात्रि 12 बजे तक कर सकेंगे। आवेदन पत्रों का जिला स्तर पर दस्तावेज परीक्षण 22 अप्रैल से 28 अप्रैल तक किया जाएगा। प्रवेश पत्र 1 मई से 9 मई तक डाउनलोड किया जा सकेगा। इसके पश्चात प्रवेश हेतु प्राक्चयन परीक्षा का आयोजन 10 मई को किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने के लिए विभागीय वेबसाइट पर जाकर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## कलश यात्रा में उमड़ा जनसैलाब, क्षेत्र का माहौल भक्तिमय

# मुख्यमंत्री निवास बगिया में श्रीरामनवमी महायज्ञ का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

चैत्र रामनवमी के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री निवास बगिया में आयोजित चार दिवसीय रामनवमी महायज्ञ का आज बुधवार को भव्य कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। पूरे क्षेत्र में श्रद्धा, भक्ति और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला, जहां हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कलश यात्रा मुख्यमंत्री निवास बगिया से प्रारंभ होकर नदी तट तक निकली तथा पुनः यज्ञ स्थल तक पहुंची, जिसमें महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश धारण कर शामिल हुईं। भजन-कीर्तन और जय श्रीराम के उद्घोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी कौशल्या साय विशेष रूप से उपस्थित रहीं। वहीं, कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के भी शामिल होने की जानकारी दी गई है।



**बागीया आसपास क्षेत्र में दिखा उत्साहः** आयोजन को लेकर बगिया सहित आसपास के क्षेत्रों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। इस धार्मिक कार्यक्रम का मुख्यमंत्री के भाई जयप्रकाश साय सह पत्नी द्वारा विधि-विधान से पूजा अर्चना की जा रही है। कार्यक्रम के तहत आज मूर्ति स्थापना के साथ पूजा, हवन, आरती, लीला एवं भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया।

### अन्य राज्यों से भी पहुंच रहे धर्मावलंबी

आगामी दिनों में धार्मिक अनुष्ठानों की श्रृंखला जारी रहेगी 26 मार्च को पूजन, हवन, आरती, प्रवचन एवं भजन-कीर्तन, 27 मार्च को विशेष पूजन, नवकन्या पूजन, पूर्णाहुति एवं रात्रि में भव्य लीला, 28 मार्च को सहस्त्रधारा स्नान, आशीर्वाद, मूर्ति विसर्जन एवं प्रसाद वितरण के साथ समापन होगा। यह भव्य आयोजन ग्राम बगिया के यज्ञ स्थल पर किया जा रहा है, जिसमें छत्तीसगढ़ के साथ-साथ ओडिशा, झारखंड और मध्यप्रदेश से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। पूरे कार्यक्रम का संचालन धर्म संस्थापक परम पूज्य स्वामी धनपति पण्डा जी महाराज के आशीर्वाद में किया जा रहा है।

### बगिया में 1993 से निरंतर जारी है महायज्ञ

कौशल्या साय ने जानकारी देते हुए बताया कि, चैत्र नवरात्रि में यह महायज्ञ वर्ष 1993 से निरंतर आयोजित किया जा रहा है, जो क्षेत्र की आस्था और परंपरा का प्रतीक बन चुका है। चार दिनों तक चलने वाले इस धार्मिक आयोजन में भक्ति संगीत, कथा-प्रवचन और विविध धार्मिक अनुष्ठानों से बगिया पूरी तरह भक्तिमय वातावरण में सराबोर रहेगा।

# विधायक गोमती ने जनदर्शन में सुनीं लोगों की समस्याएं



**पत्थलगांव।** क्षेत्रीय विधायक गोमती साय के निवास कार्यालय में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम एक बार फिर जनसेवा और संवेदनशीलता का उदाहरण बनकर सामने आया। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों से बड़ी संख्या में नागरिक अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे, जहां उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए त्वरित निराकरण की दिशा में आवश्यक कदम उठाए गए। जनदर्शन के दौरान आमजन से सीधा संवाद स्थापित करते हुए विधायक गोमती साय ने प्रत्येक आवेदक की समस्या को ध्यानपूर्वक सुना, और संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को उनकी समस्याओं के समाधान के लिए एक सुलभ एवं प्रभावी मंच प्रदान करना रहा, जिसमें यह पहल पूरी तरह सफल होती नजर आई।

**ग्रामीण को प्रदान की गई ट्रायसाइकिलः** झिमकी निवासी धनेश्वर राम ने अपनी शारीरिक स्थिति से अवगत कराते हुए बताया कि, उन्हें चलने-फिरने में अत्यधिक कठिनाई का सामना करना पड़ता है, जिससे उनका दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। उनकी स्थिति को देखते हुए विधायक गोमती साय ने तत्काल संवेदनशीलता का परिचय दिया और मौके पर ही उन्हें ट्रायसाइकिल उपलब्ध कराई। इस पहल से धनेश्वर राम को न केवल बड़ी राहत मिली, बल्कि उनके जीवन को सुगम बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी साबित हुआ।

# 3 सदस्यीय परिवार को वन अमले ने हाथियों से बचाया

**जशपुर।** जशपुर वन मंडल के पत्थलगांव क्षेत्र में तिलडेगा गांव के भदरापारा में वन विभाग के अमले ने हाथियों से घिरे एक परिवार के 3 सदस्यों के पास समय पर पहुंच कर सभी को सुरक्षित बचा लिया। मुसीबत में फंसे इन ग्रामीणों के कच्चे घर से रेस्क्यू ऑपरेशन के कुछ देर बाद ही हाथियों ने उस घर को तोड़ कर क्षतिग्रस्त कर डाला। सुरक्षित बच जाने के बाद तीनों सदस्य अभी भी दहशत से नहीं उबर पाए हैं।

- हाथियों ने मकान को किया क्षतिग्रस्त, बड़ी अनहोनी टली

हाथियों से घिरे ग्रामीणों का रेस्क्यू ऑपरेशन कर लौटे पत्थलगांव वन परिक्षेत्र अधिकारी कृपासिंधु पैंकरा ने बताया कि, नन्दनझरिया जंगल में एक पखवाड़े से डेरा डाल कर बैठे 11 हाथियों के दल की गतिविधियों पर सतत निगरानी रख कर आसपास के गावों में समय पूर्व सूचना देकर उन्हें सतर्क किया जा रहा है। बीती रात भी वन विभाग का अमला इन हाथियों पर सतत निगरानी करने में जुटा हुआ था। इसी दौरान तिलडेगा के समीप भदरापारा में खेतों में कच्चे घर में रहने वाले जय कुमार नाग के परिवार के तीनों सदस्यों पर हाथियों के हमले की आशंका थी।



वन कर्मियों ने हाथियों के दल के पहुंचने से पहले वहां सो रहे तीनों सदस्यों को तत्काल सुरक्षित बाहर निकाला। इसके कुछ ही देर बाद हाथियों का दल उस कच्चे घर में पहुंच गया था। हाथियों के इस दल ने इस दौरान अन्य तीन लोगों के घरों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। वन विभाग ने सभी पीड़ितों के मुआवजा प्रकरण दर्ज कर लिया है।

## बगीचा में मधुमक्खियों का आतंक, ग्रामीण पर बोला हमला

**जशपुरनगर।** बगीचा के लोक निर्माण विभाग के रेस्ट हाउस के सामने मधुमक्खियों ने राह चल रहे एक बुजुर्ग पर हमला कर दिया, मधुमक्खियों के हमले में बुजुर्ग बुरी तरह घायल होकर सड़क पर गिर गया, जिस पर घंटों तक मधुमक्खियां डंक मारती रहीं। इसी बीच जान जोखिम में डालकर एक मोटरसाइकिल सवार युवक ने बुजुर्ग को कम्बल से ढककर मधुमक्खी के हमले से बचाया और अस्पताल पहुंचाया जहां बुजुर्ग का उपचार जारी है। कई सार्वजनिक जगहों पर और भी मधुमक्खियों के छत्ते-बगीचा नगर में सार्वजनिक जगहों, स्कूल, अस्पताल के आसपास मधुमक्खी के दर्जनों छत्ते लगे है, गर्मी का मौसम शुरू होते ही मधुमक्खी हमलावर हो जाते है। इस बात की जानकारी कई बार स्थानीय लोगो ने बगीचा वन परिक्षेत्राधिकारी को दी उसके बावजूद विभाग ने आजतक छत्तों को हटाने का पहल शुरू नही किया, जिसका खामियाजा आज देखने को मिला और रास्ता चल रहे एक बुर्जुग को उठाना पड़ा। अब नगर के लोगो मे वन विभाग को लेकर कॉफी आक्रोश देखा जा रहा है।

## नगर के हृदय स्थल पर लगा ट्रैफिक सिग्नल धराशायी



**पत्थलगांव।** पत्थलगांव में शासन द्वारा लाखों रुपए खर्च कर महज शो-पीस के रूप में लगाए गए ट्रैफिक सिग्नल लगातार गिरकर यातायात को सुचारु करने की बजाय बाधित करते नजर आते हैं। बुधवार को एक बार फिर फिर लाखों रुपए की लागत लगाया गया ट्रैफिक सिग्नल गिर गया , जिससे बाधित रहा। राहत की बात यह रही कि, ट्रैफिक सिग्नल के गिरने से किसी तरह की जान-माल का नुकसान नहीं हुआ। बस स्टैंड चौक में यातायात सुचारु करने के लिए लगाया गया ट्रैफिक सिग्नल केवल शो-पीस बन कर रह गया है। आज तक इस ट्रैफिक सिग्नल राहगीर परेशान हो रहे हैं।



## खबर संक्षेप



### बीएड प्रशिक्षार्थियों ने विभिन्न राज्यों का किया शैक्षणिक भ्रमण

**अम्बिकापुर।** पार्वती इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रेनिंग रिसर्च एंड मैनेजमेंट शिक्षा महाविद्यालय मदनपुर में चतुर्थ सेमेस्टर के प्रशिक्षार्थियों ने दिल्ली, अमृतसर, डलहौजी, मनाली और कुल्लू का 10 दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों ने स्थलों का ऐतिहासिक महत्व जाना और इसे संरक्षित करने के साथ ही समूह में कार्य करना सीखा एवं किसी कार्य का प्रबंधन करने का तरीका जाना। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। भ्रमण में संस्थापक अशोकनाथ तिवारी, अध्यक्ष सह चेयरमेन प्रमेन्द्र तिवारी, संस्था के उपाध्यक्ष श्रीमती श्वेता तिवारी, सहा.प्राध्यापक श्रीमती प्रीति सोनी सहित अन्य अध्यापक शामिल थे।

### तहसील साहू संघ ने श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाई माता कर्मा जयंती



**भैयाथान।** तहसील साहू संघ द्वारा शिवप्रसादनगर स्थित साहू समाज धर्मशाला में भक्त शिरोमणि संत माता कर्मा की जयंती हर्षोल्लास, श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ मनाई गई। इस अवसर पर तहसील साहू संघ के समस्त पदाधिकारियों ने संगठन की मजबूती हेतु शपथ भी ली। कार्यक्रम में समाज के लोगों ने एकत्रित होकर विधिवत पूजा-अर्चना की तथा समाज में एकता, संस्कार और शिक्षा को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला साहू संघ के अध्यक्ष राम लल्लू साहू उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता तहसील साहू संघ भैयाथान के अध्यक्ष सौरभ साहू ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ माता कर्मा के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। बड़ी संख्या में उपस्थित मातृशक्तियों ने पारंपरिक वेशभूषा में भाग लेकर माता कर्मा का पूजन किया। पूजन के पश्चात नवनियुक्त तहसील अध्यक्ष सौरभ साहू, महामंत्री द्वय शैलेश साहू एवं सुनील साहू सहित सभी पदाधिकारियों को विधिवत शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री सुनील साहू एवं आभार प्रदर्शन उपाध्यक्ष नीरू गुप्ता द्वारा किया गया। इस दौरान जोखन लाल साहू, सुनील साहू, मणि प्रताप साहू, अशोक साहू, गैबीनाथ साहू, राजेश प्रकाश साहू, उमाशंकर साहू, समित साहू, शिवदयाल साहू, दिलीप साहू, काजल गुप्ता, नीरज साहू, कृष्णमुरारी साहू, राजेश्वर साहू, रामनंदे साहू, संपूर्ण साहू, बृजेश साहू, नांदेराम साहू, मनोज साहू, शुभम साहू, रामबिलास साहू, स्वयंवर साहू, संतोष साहू, रामसूरत साहू, सविता साहू, उमेश साहू, अरविंद साहू, कैलाश साहू, मोहन साहू, ब्रजनेत्र गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, दीप नारायण साहू, नंदकुमार साहू, रामनारायण साहू, हरिराम सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

### अमर शहीदों की स्मृति में निकाली गई प्रभात फेरी, अर्पित की गई श्रद्धांजलि



**अम्बिकापुर।** शहीद दिवस पर अमर शहीद भगत सिंह, राजगुरू एवं सुखदेव के शहादत दिवस पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शहीदों की स्मृति में इप्टा एवं प्रगतिशील लेखक संघ के संयुक्त तत्वाधान में सोमवार को सुबह 7 बजे घड़ी चौक से प्रभातफेरी निकाली गई। प्रभातफेरी में बड़ी संख्या में प्रबुद्ध नागरिक एवं विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थी शामिल हुए। शहर का भ्रमण करते हुए प्रभातफेरी महामाया चौक पहुंची जहां शहीदों की शहादत का श्रमण किया गया तथा उपस्थित सभी लोगों ने शहीदों को दो मिनट की मौन श्रद्धांजलि देकर पुष्पांजलि अर्पित की। महामाया चौक पहुंचकर अंजनी पाण्डेय ने कहा कि बच्चों को भगत सिंह के विचारों का अध्ययन करना होगा। यही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कलाकेंद्र मैदान को शहीद पार्क घोषित करने एवं मैदान में शहीदों की प्रतिमा स्थापित करने की मांग की। वेद प्रकाश ने कहा कि भगत सिंह ने कहा था पूंजीवादी अपनी सत्ता के लिए हमेशा धर्म का इस्तेमाल करता है। आज भी वही परिस्थितियां है। इसलिए भगत सिंह व अन्य शहीदों का अध्ययन करना बहुत आवश्यक है। उन्होंने भगत सिंह के कथन को दोहराते हुए कहा कि सही आजादी तभी आएगी जब एक मनुष्य के द्वारा दूसरे मनुष्य का शोषण खत्म होगा।

### 71 हितग्राहियों को वितरित किया गया पशु आहार

**सारंगढ़।** पशुधन विकास विभाग की मादा वत्स उन्नत मादा पालन पोषण योजना के तहत विकासखंड सारंगढ़ के 11 हितग्राहियों को जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पाण्डे के द्वारा उप संचालक पशुधन डॉ महेंद्र पाण्डेय की अगुवाई में काफ ग्रोवर दाना राशन प्रदान किया गया एवं पूरे जिले में 71 हितग्राहियों को काफ ग्रोवर पशु आहार वितरण किया गया है, जिससे इस जिले के हितग्राहियों में अति उत्साह है एवं प्रत्येक हितग्राहियों को 11 बोरा 23 किलो दाना दिया गया।

## राजस्व, नगर निगम की संयुक्त कार्रवाई, बड़ी संख्या में तैनात रहे पुलिसकर्मी

# मेडिकल कॉलेज को आवंटित भूमि से हटाया गया अवैध अतिक्रमण



अवैध अतिक्रमण हटाता जेसीबी।



घर के सामने से लोगों को हटाते पुलिसकर्मी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मेडिकल कॉलेज को आवंटित भूमि में किए गए अतिक्रमण को आज राजस्व, नगर निगम की संयुक्त टीम द्वारा पुलिस की मौजूदगी में हटाया गया। राजस्व विभाग द्वारा एक सप्ताह पूर्व ही अतिक्रमणकारियों को बेजा कब्जा हटाने का नोटिस जारी किया था बावजूद इसके मकान को खाली नहीं किया गया था। जिस पर सुबह राजस्व अमला, नगर निगम की संयुक्त टीम ने पुलिस की सहायता से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। हालांकि चिन्हांकित घरों को जमींदोज करने की कार्रवाई शाम तक जारी रहा। इधर शासकीय भूमि में काबिज लोगों ने कार्रवाई को गलत बताया।

**खास बात**

- 34 तिक्रमणकारियों के विरुद्ध की गई बेजा कब्जा हटाने की कार्रवाई

शहर के गंगापुर में मेडिकल कॉलेज के लिए लगभग 15 एकड़ भूमि आवंटित किया गया था। आबंटित भूमि में से आधे शासकीय भूमि पर ही मेडिकल कॉलेज भवन का निर्माण हो सका जबकि लगभग 7 से 8 एकड़ भूमि पर लगभग 36 लोगों द्वारा शासकीय भूमि पर न सिर्फ अतिक्रमण किया बल्कि पक्का मकान बना कर रह रहे थे। इधर मेडिकल कॉलेज के विभिन्न भवन निर्माण के लिए भूमि आवश्यकता से कम पड़ गई जिस पर साल 2020 में अवैध अतिक्रमण कारियों को बेदखली के लिए नोटिस जारी किया गया। इधर नोटिस जारी करने के बाद अतिक्रमण किए लोगों द्वार हाई कोर्ट में याचिका दायर की और स्टे ले लिया। पिछले वर्ष ही मार्च माह में मामले की सुनवाई की गई जिसमें अवैध अतिक्रमण को हटाने निर्देश दिए गए जिस पर पुनः: याचिका दायर की गई जिसके बाद मई माह में बेदखली के निर्देश दिए गए लेकिन बरसात का मौसम होने के कारण अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो दिसंबर-जनवरी में पुनः मेडिकल कॉलेज को आबंटित भूमि को खाली कराने के आदेश दिए गए। जिस पर पिछले सप्ताह राजस्व विभाग द्वारा गंगापुर में मेडिकल कॉलेज को आबंटित भूमि पर अवैध अतिक्रमण कर मकान बनाए 36 लोगों को अतिक्रमण खाली करने की नोटिस दी। जब एक सप्ताह के भीतर अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो आज सुबह राजस्व, नगर निगम की संयुक्त टीम द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की। इसी बीच बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर तैनात रहे। इधर अतिक्रमण कारियों ने कार्रवाई को गलत ठहराते हुए विरोध किया लेकिन कार्रवाई जारी रहा और शाम तक अधिकांश अवैध मकानों को जमींदोज कर दिया गया।

### दो लोगों ने लिया है स्टे

गंगापुर में मेडिकल कॉलेज को आबंटित भूमि के लगभग 7-8 एकड़ भूमि पर लगभग 36 लोगों द्वारा अतिक्रमण कर पक्का मकान बना लिए है। सुबह मेडिकल कॉलेज को आबंटित भूमि से बेजा कब्जा हटाने के लिए 34 मकानों को चिन्हांकित किया गया और मकानों को ढहाया गया वहीं दो मकान मालिकों द्वारा हाई कोर्ट से स्टे लेने पर कार्रवाई नहीं की गई और कोर्ट के निर्देश के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### बनवा लिए थे फर्जी वन अधिकार पट्टा

शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा करने वाले कुछ लोगों द्वारा पूर्व में वन अधिकारी का पट्टा दिखाया गया था। जब पट्टा की जांच की गई तो पता चला की पट्टा फर्जी है। जिस पर एसडीएम के निर्देश पर अब फर्जी पट्टा धारियों के विरूद्ध थाने में एफआईआर दर्ज की जाएगी।

### दी गई थी नोटिश

गंगापुर में मेडिकल कॉलेज को भूमि आबंटित किया गया है। लगभग 7 से 8 एकड़ पर लोगों द्वारा अतिक्रमण कर मकान मना लिया था। अतिक्रमण खाल करने के लिए एक सप्ताह पूर्व ही नोटिस दिया गया था। अतिक्रमण खाली नहीं करने पर आज राजस्व, नगर निगम एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा 34 अवैध मकान के विरुद्ध कार्रवाई की गई।

-फगेश सिन्हा
एसडीएम



### 40 सदस्यीय स्काउट-गाइड दल पंचमढ़ी एडवेंचर शिविर के लिए रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य के तत्वावधान में आयोजित 11वें राज्य स्तरीय स्पेशल एडवेंचर शिविर में भाग लेने हेतु कलेक्टर एस. जयवर्धन और जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला कमिश्नर अजय मिश्रा के निर्देशन में जिले से 40 सदस्यीय स्काउट-गाइड दल पंचमढ़ी मध्यप्रदेश के लिए रवाना हुआ।

यह शिविर 25 से 29 मार्च तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें प्रदेश भर से प्रतिभागी शामिल हो रहे हैं। जिला प्रशिक्षण आयुक्त गोवर्धन सिंह ने बताया कि जिले को इस शिविर के लिए 40 प्रतिभागियों का कोटा प्राप्त हुआ था। निर्धारित संख्या के अनुसार जिले के विभिन्न विद्यालयों से 18 स्काउट, 18 गाइड तथा 4 प्रभारी शिक्षक-शिक्षिकाओं, चन्द्रिका सिंह, योगेश साहू, कंचन लता टोप्पो एवं दीपा सिंह को शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि इस दल में शामिल कई छात्र-छात्राएं जिले के ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों से आते हैं, जिनमें से कई पहली बार रेल यात्रा का अनुभव कर रहे हैं। ऐसे में यह शिविर उनके लिए न केवल प्रशिक्षण का अवसर है, बल्कि जीवन का एक यादगार और रोमांचक अनुभव भी साबित होगा। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य प्रतिभागियों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, सेवा भावना, आत्मविश्वास एवं आत्मनिर्भरता का विकास करना है।

शिविर के दौरान बच्चों को रॉक क्लाइंबिंग, मंकी ब्रिज क्रॉसिंग, वाटर एक्टिविटी, ट्रेकिंग, रैपलिंग, जिप लाइन, ऑब्स्टेकल रेस, नाइट ट्रेकिंग, कैम्प क्राफ्ट, प्राथमिक उपचार तथा सर्वाइवल स्किल्स जैसे विभिन्न साहसिक एवं उपयोगी प्रशिक्षण दिए जाएंगे। रेलवे स्टेशन पर दल को रवाना करने के लिए भारत स्काउट एंड गाइड जिला सचिव उमेश गुर्जर, जिला प्रशिक्षण आयुक्त गोवर्धन सिंह, डीओसी बेलभद्र देवांगन, ब्लॉक सचिव विजेन्द्र साहू, अशोक दूबे सहित अभिभावक एवं अन्य नागरिक उपस्थित रहे।

### शादी का प्रलोभन देकर युवती से बनाते रहा संबंध, शोरूम संचालक पर अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

कॉलोनी क्षेत्र की एक युवती की शिकायत पर पुलिस ने मेन मार्केट शिवनन्दनपुर बिश्रामपुर स्थित इलेक्ट्रॉनिक्स फर्नीचर शोरूम संचालक के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज किया है,पीड़ति युवती का आरोप है कि व्यवसाई युवक ने उसे शादी का झांसा देकर 11 साल से भी अधिक समय तक उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए और बाद में दूसरे धर्म का होने एवं परिवारवालों के राजी नहीं होने का बहाना बनाकर शादी करने से मना कर दिया।

- आरोपी युवक ने पीड़ित युवती को दूसरे धर्म की होने का बहाना बनाकर शादी करने से इंकार किया

प्राप्त जानकारी अनुसार पीड़ित युवती ने बिश्रामपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि नगर के मेन मार्केट स्थित सांवरिया फर्नीचर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स के संचालक शान्तिनगर निवासी शुभम अग्रवाल आत्मज धनराज अग्रवाल ने शादी का प्रलोभन देकर उसके साथ वर्ष 2015 से लगातार कई वर्षों तक शारीरिक संबंध बनाता रहा,जब भी युवती शादी की बात करती तो आरोपी व्यवसाई कुछ समय का बहाना बनाकर टालमटोल करता रहा,पीड़ति युवती के अनुसार हाल ही में उसे जानकारी मिली कि आरोपी युवक की शादी किसी और जगह तय हो गई है,इस पर जब उसने आरोपी युवक से बात की तो उसने शादी से इनकार करते हुए कथित रूप से कहा कि दूसरे धर्म की होने के कारण अब वह उससे शादी नहीं कर सकता और उसके परिवार वाले भी शादी के लिए तैयार नहीं होंगे।इस घटना से बुरी तरह से आहत युवती ने बिश्रामपुर थाना पहुंचकर पुलिस के समक्ष अपनी आपबीती सुनाई और लिखित शिकायत दर्ज कराई है, बिश्रामपुर पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर आरोपी युवा व्यवसाई शुभम अग्रवाल आत्मज धनराज अग्रवाल के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 64(2)(एम) के तहत रेप का अपराध दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।



### साक्षरता मिनी स्टेडियम में प्रकाश व्यवस्था की मांग, सीएमओ को सौंपा ज्ञापन

**लखनपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष अमित अग्रवाल ने साक्षरता मिनी स्टेडियम में प्रकाश की व्यवस्था करने की मांग को लेकर नगर पंचायत सीएमओ विद्यासागर चौधरी को ज्ञापन सौंपा। भाजयुमो अध्यक्ष ने बताया कि लखनपुर स्टेडियम में होने वाले आगामी रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता को लेकर प्रकाश की उचित व्यवस्था कराए जाने नगर पंचायत सीएमओ को ज्ञापन सौंपा है। साथ ही मांग की गई है कि जल्द से जल्द स्टेडियम में प्रकाश की उचित व्यवस्था कराई जाए ताकि आगे स्टेडियम में रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता सहित अन्य खेल के आयोजन कराए जा सकें। इस संबंध में नगर पंचायत सीएमओ विद्यासागर चौधरी ने जल्द से जल्द साक्षरता मिनी स्टेडियम में लाइट की व्यवस्था कराए जाने तथा नगर पंचायत की ओर से खेल को बढ़ावा देने के अलावा अन्य खेलों के माध्यम से जैसे बैडमिंटन,वॉलीबॉल के माध्यम से लखनपुर नगर पंचायत के युवाओं में नई प्रतिभाओं को उभारने के उद्देश्य से आने वाले समय में महत्वपूर्ण कार्य किए जाने की बात कही। इस दौरान कृपा शंकर राजवाड़े, आशीष गुप्ता, सावन पांडेय, जुगेश साहू, अमन कुमार, राहुल गुप्ता, आदित्य गुप्ता, इकरार, विवेक, आशुतोष, योगेश,प्रवीण सहित नगर पंचायत के युवा मौजूद रहे।

## कुदरगढ़ महोत्सव का शुभारंभ, भक्ति लोक संस्कृति से गूंजा कुदरगढ़ धाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

चैत्र नवरात्र के शुक्ल पंचमी की दिव्य बेला में आस्था, संस्कृति और उत्साह का अद्भुत संगम आज कुदरगढ़ धाम में देखने को मिला, जब जिला प्रशासन व मां कुदरगढ़ी न्याय ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान से कुदरगढ़ महोत्सव का भव्य शुभारंभ हुआ। 23 से 25 मार्च तक आयोजित इस त्रि-दिवसीय महोत्सव ने पहले ही दिन श्रद्धा, उल्लास और सांस्कृतिक वैभव से पूरे क्षेत्र को सराबोर कर दिया।

शुभारंभ अवसर पर लोक न्याय ट्रस्ट के अध्यक्ष राम सेवक पैकरा ने महोत्सव के उद्देश्य और महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कुदरगढ़ महोत्सव केवल एक सांस्कृतिक आयोजन नहीं, बल्कि यह इस क्षेत्र की लोक परंपराओं, जनआस्था और सांस्कृतिक विरासत को जीवंत रखने का एक सार्थक प्रयास है। महोत्सव के प्रथम दिवस पर जिले के पांच करमा दलों ने पारंपरिक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियों से वातावरण को जीवंत कर दिया। कलाकार आनंदिता तिवारी ने कथक नृत्य के माध्यम से मां कुदरगढ़ी की भावपूर्ण स्तुति प्रस्तुत कर दर्शकों को भावविभोर कर दिया। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय सहित अन्य शैक्षणिक संस्थानों के छात्र-छात्राओं ने भी रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। निलेश मित्तल के भजनों और स्तुति जायसवाल के धार्मिक गीतों ने श्रद्धालुओं को भक्ति में डुबो दिया। पंडित लल्लू राजा



एवं उनके साथियों द्वारा सरगुजिहा लोकगीतों की सुमधुर प्रस्तुति ने लोक संस्कृति की मिठास बिखेर दी। महोत्सव के मुख्य आकर्षण के रूप में मुंबई के लीला रॉक बैंड की भक्तिमय प्रस्तुति ने आधुनिकता और परंपरा का अनूठा संगम प्रस्तुत किया। रात्रि भक्ति एवं सांस्कृतिक संध्या ने वातावरण को और भी अलौकिक बना दिया तथा दर्शक देर रात तक कार्यक्रमों में रमे रहे। स्थानीय और क्षेत्रीय कलाकारों की सहभागिता, लोक संस्कृति की सजीव झलक और भक्ति की अनुगूंज ने कुदरगढ़ महोत्सव को एक विशिष्ट पहचान और गरिमा दी है।



### सरगुजा ओलंपिक के कबड्डी मैच में रेफरी एवं खिलाड़ी के बीच हाथापाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सोमवार को गांधी स्टेडियम स्थित इंडोर स्टेडियम में उस समय विवाद की स्थिति निर्मित हो गई जब कबड्डी मैच में रेफरी ने एक खिलाड़ी को आउट दे दिया। रेफरी के निर्णय पर खिलाड़ी ने नाराजगी जताने के साथ जमकर बहस की साथ ही हाथापाई भी की। सोशल मीडिया पर खिलाड़ी एवं रेफरी की हाथापाई एवं बहस करते वीडियों वायरल हो रही है।

- सोशल मीडिया पर घटना की वीडियों हो रही वायरल

तीन दिवसीय सरगुजा ओलम्पिक का समापन सोमवार को किया गया। ओलम्पिक में संभागभर के 2 हजार से अधिक खिलाड़ियों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भागीदारी की। सोमवार को इंडोर स्टेडियम में जशपुर एवं सूरजपुर जिला के बीच कबड्डी मैच आयोजित किया गया था। इस दौरान रेफरी ने सूरजपुर जिले के एक खिलाड़ी को आउट दे दिया। रेफरी द्वारा आउट दिए जाने का खिलाड़ी ने न केवल विरोध किया बल्कि इसको लेकर रेफरी से देर तक बहस की तथा हाथापाई करने लगा। विवाद बढ़ता देख उपस्थित सहयोगियों ने बीच-बचाव कर मामले को शांत कराया। अंत में विवाद करने वाले खिलाड़ी को इनडोर स्टेडियम से बाहर निकाला गया। इस दौरान किसी ने घटना की वीडियों बना ली तथा सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

### शासकीय कन्या उमा विद्यालय में हुआ युवा संसद कार्यक्रम

**रजपुरीकला।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लखनपुर के प्रांगण में युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती रंजना श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में तथा युवा गतिविधि प्रभारी श्रीमती अंजना श्रीवास्तव एवं अंकिता राजवाड़े के निर्देशन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्राचार्या श्रीमती रंजना श्रीवास्तव एवं श्रीमती अंजना श्रीवास्तव द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम को प्रारंभ किया गया। युवा संसद कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को भारतीय संसदीय प्रणाली, उसकी कार्यप्रणाली, विधेयक प्रस्तुत करने, उस पर चर्चा करने एवं पारित करने की प्रक्रिया से अवगत कराना था। मंच के माध्यम से छात्राओं को लोकतांत्रिक मूल्यों, संवाद की कला तथा नेतृत्व क्षमता विकसित करने का अवसर प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में छात्राओं ने सत्ता पक्ष एवं विपक्ष की भूमिका को प्रभावशाली ढंग से निभाया। स्पीकर की भूमिका में अंकिता ने सदन का संचालन किया। प्रधानमंत्री की भूमिका में आंचल ने सशक्त नेतृत्व प्रस्तुत किया। कैबिनेट में विद्यावती, सुधा वित्त मंत्री, चांदनी कानून मंत्री एवं नाजिया स्वास्थ्य मंत्री ने अपने-अपने विभागों का प्रतिनिधित्व किया। सदस्य के रूप में ईशा, सविता, मीरा एवं अन्य छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई। वहीं विपक्ष की ओर से चंचल, कविता, प्रीति, प्रीति संजना चांदनी एवं कविता ने सरकार से तीखे प्रश्न पूछते हुए सशक्त भूमिका निभाई। प्रश्नकाल के दौरान शिक्षा, स्वास्थ्य, किसान एवं रोजगार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गंभीर एवं सार्थक बहस हुई।

### सतर्कता विभाग ने जिस इंजीनियरिंग असिस्टेंट को जारी की थी चार्जशीट, प्रबंधन ने उसे बनाया साइड इंचार्ज

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के अमेरा ओपन कास्ट परियोजना में निर्माण कार्य को लेकर प्रबंधन के फैसले पर सवाल खड़े हो रहे हैं,करीब 10 करोड़ रुपये की लागत से बन रही सीमेंट कांक्रीट सड़क के कार्य में एक चार्जशीटेड इंजीनियरिंग असिस्टेंट को साइड इंचार्ज बनाए जाने से सतर्कता नियमों की अनदेखी के आरोप लगे हैं।जानकारी के अनुसार,अमेरा खदान से सिंगीटाना गांव तक लगभग साढ़े छह किलोमीटर लंबी सीसी सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है,जिसे भवानी इंफ्राटेक की फर्म द्वारा कराया जा रहा है,आरोप है कि इस कार्य की मॉनिटरिंग और बिलिंग की जिम्मेदारी सिविल विभाग के एक ऐसे इंजीनियरिंग असिस्टेंट को दी गई है,जिसे पहले से ही विजिलेंस विभाग द्वारा चार्जशीट जारी की गई है। बताया गया कि उक्त इंजीनियरिंग असिस्टेंट पर पूर्व में नगर प्रशासन में पदस्थ रहते हुए ठेकेदारों के फर्जी बिल बनाकर भुगतान कराने के आरोप लगे थे, जिस पर शिकायत के बाद विजिलेंस जांच में इनको मिलाकर सहित करीब आधा दर्जन इंजीनियरिंग असिस्टेंट दोषी पाए गए थे, जिन्हें दो बार चार्जशीट जारी कर जवाब मांगा गया है। सूत्रों के मुताबिक, संबंधित मामले की जांच पूरी हो चुकी है और अब प्रबंधन को आगे की विभागीय कार्रवाई करनी है,इन सब के बावजूद ऐसे अधिकारी को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दिए जाने से विभागीय कर्मचारियों और ठेकेदारों में काफी नाराजगी है,हालांकि, इस मामले में प्रबंधन की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

## चैत्र नवरात्र के उपलक्ष्य में तुलसी साहित्य समिति ने की काव्यगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज.अम्बिकापुर।

चैत्र नवरात्र और नव सवंत्सर के उपलक्ष्य में तुलसी साहित्य समिति ने मालवीय भवन में पं.सच्चिदानंद पाण्डेय, डॉ.उमेश पाण्डेय, रामलाल विश्वकर्मा, आशा पाण्डेय व विनोद हर्ष के आतिथ्य तथा गीता मर्मज्ञ रामनारायण शर्मा की अध्यक्षता में काव्यगोष्ठी की।



कार्यक्रम मां वाग्देवी की सामूहिक पूजा और गीतकार कृष्णकांत पाठक की सुमधुर सरस्वती वंदना से प्रारंभ हुआ। रामचरितमानस, एसपी जायसवाल और बीडी लाल द्वारा रचित सरगुजिहा रामायणों का संक्षिप्त पाठ किया गया। पंडित रामनारायण शर्मा ने नव सवंत्सर के संबंध में विस्तार से बताया। काव्यगोष्ठी में संस्था के अध्यक्ष मुकुन्दलाल साहू ने दुर्गा दुर्गति दूर कर, पूरण कर हर आस, आशा पाण्डेय ने करते जो आराधना, देती मां वरदान, अजय सागर ने हे कलयाणी, अम्बे भवानी दर्शन दे एक बार, संतोष सरल ने तन को दीपक बनाके मैया, मन को बाती बना ली है, नीलिमा जायसवाल ने पूजो, मां को करो प्रणाम, रामलाल विश्वकर्मा ने गोद में हैं उसकी पलती विश्व की सब शक्तियां, संध्या दुबे ने मुझे अबला समझने की भूल न करना ऐ दुनियावालो, प्रकाश कश्यप ने मां के आंचल का यहां जिसको भी सहारा है जय गुप्त ने नववर्ष खिले, नवदीप जले ने जीवन उतना सच है जितनी लिखी गई है कविताओं में, डॉ.उमेश पाण्डेय ने मैं रास्ते का वह पत्थर, सबको राह दिखाता चलूं, कृष्णकांत पाठक ने तू तो जाने मां दिल का हाल तुझसे अब क्या कहना, राजेन्द्र राज ने बिसेर नई पाबे तैंहर मोला, आशु कवि विनोद हर्ष ने बरसा रहा है सुधा चंद्रमा, जल, अग्नि, वायु, आकाश में, रचना सुनाई। गोष्ठी का संचालन अजय सागर एवं आभार ज्ञापन आशा पाण्डेय ने किया। इस दौरान केके त्रिपाठी, अशोक सोनवानी सहित अन्य उपस्थित थे।

### पेड़ से टकराई बाइक, एक की मौत दो गंभीर

सोनगरा। भटगांव थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत बरौधी में हुई सड़क दुर्घटना में एक 13 वर्षीय किशोर की मौत हो गई जबकि 2 अन्य किशोर गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्कूल की छुट्टी होने के बाद तीनों किशोर मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 15 सीवी 7836 से घर जा रहे थे। इस दौरान तेज रफ्तार मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। दुर्घटना में ग्राम करौंधा निवासी धनंजय राजवाड़े पिता लोचन राजवाड़े की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि बाइक पर सवार दो अन्य किशोर गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायल किशोरों को स्वास्थ्य केंद्र लाया गया।



# लोगों को बस बोलने का बहाना चाहिए होता है : राकेश बेदी

**मुंबई।** राकेश बेदी इन दिनों फिल्म 'धुरंधर 2' को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। राकेश और उनकी सह-कलाकार सारा अर्जुन का एक वीडियो फिर से सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है, जिसमें वह सारा के कंधे पर किस करते नजर आ रहे हैं। इस वीडियो पर अब राकेश ने अपनी प्रतिक्रिया दी है।उन्होंने कहा, 'लोगों को बस बोलने का बहाना चाहिए होता है। कुछ लोग तो बस कहते रहते हैं। शुक्र है, कई लोगों ने मेरा बचाव भी किया। 71 साल के मशहूर अभिनेता राकेश बेदी इन दिनों अपनी फिल्म 'धुरंधर 2' की सफलता का आनंद ले रहे हैं। फिल्म ने अब तक 500 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर ली है। पिछले साल नवंबर में 'धुरंधर'के ट्रेलर लॉन्च के समय एक वीडियो वायरल हुआ था।

लाइफ Style

# अनीत

## रैंप वॉक और नए फैशन ने पिटवा दी भद

'सैयारा' फिल्म में अपनी एक्टिंग का लोहा मनवाने वाली अनीत पड्डा की रैंप वॉक पर लोग तरह-तरह के कमेंट कर रहे है। उनकी एक्टिंग की तो खूब तारीफ हुई, लेकिन रैंप वॉक और नए फैशन ने भद पिटवा दी।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

'सैयारा' फिल्म से हर दिल पर छाने वाली एक्ट्रेस अनीत पड्डा भले ही कितनी भी टैलेंटेड क्यों न हों, लेकिन एक्टिंग के अलावा जब बात रैंप वॉक की आती है तो उनकी भद पिट जाती है। 'पेरो' के लिए शो का समापन करने वाली अनीत पड्डा अपनी रैंप वॉक के वीडियो वायरल होने के तुरंत बाद ऑनलाइन चर्चा का केंद्र बन गईं। हालांकि, यह युवा एक्ट्रेस के लिए फैशन जगत में एक बड़ा पल था, लेकिन ऑनलाइन उन्हें लेकर अलग ही बातें हो रही हैं। उनके रैंप वॉक को लेकर फिर से लोग काफी कुछ कह रहे हैं। कुछ ही घंटों में, शोस्टॉपर वॉक ट्रेंडिंग टॉपिक बन गई, खासकर रेडिट और इंस्टाग्राम पर। अनीत पड्डा ने लैक्मे की 'जेन जी' एंबेसडर के रूप में एक नीले और सफेद रंग के ड्रेस में रैंप वॉक किया, जो पेरो की सिग्नेचर स्टाइल को दिखाता है। इस लुक में टेक्सचर्ड एप्लिक वर्क वाली ड्रेस के ऊपर एक क्रॉप जैकेट पहनी गई थी, जो सॉफ्ट स्ट्रक्चर, बारीक डिटेलिंग से तैयार की गई थी। यह आउटफिट ग्लैमरस ड्रामा के बजाय युवा और थोड़ा चंचल अंदाज में था, जो लेबल की डिजाइन शैली से मैच कर रहा था। हालांकि, कई लोगों को यह स्टाइल उतना पसंद नहीं आया जितना सोचा गया था।



हॉलीवुड मसाला



# रायन घोस्ट वॉर का टीजर रिलीज

**नई दिल्ली।** एंड्रयू बर्नस्टीन के निर्देशन में बनी फिल्म 'जैक रायनः घोस्ट वॉर' जल्द ही ओटीटी प्लेटफॉर्म पर दस्तक देने वाली है। इस पॉलिटिकल एक्शन-थ्रिलर फिल्म में अभिनेता जॉन क्रासिंस्की एक बार फिर से सीआईए एनालिस्ट 'जैक रायन' के रूप में धमाकेदार एक्शन करते हुए एक नए और खतरनाक मिशन पर निकले हैं। हाल ही में प्राइम वीडियो ने इस मोस्ट अवेटेड फिल्म का टीजर रिलीज कर दिया है, जिसमें जैक रायन एक बार फिर से अपने पुराने फॉर्म में नजर आ रहे हैं।



# स्लॉटरहाउस-फाइव से की कॅरियर की शुरुआत...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री वैलेरी पेरिन के निधन से उनके फैंस आहत हैं। उनकी दोस्त ने उनके निधन की जानकारी देते हुए, उनकी अंतिम इच्छा के बारे में भी बताया है। दिग्गज अभिनेत्री वैलेरी पेरिन का 82 साल की उम्र में निधन हो गया। वो लेनी और 'सुपरमैन'जैसी फिल्मों में अपनी भूमिकाओं के लिए जानी जाती थीं। टेक्सास के गैल्वेस्टन में जन्मीं पेरिन ने फिल्म 'स्लॉटरहाउस-फाइव' से अपने फिल्मी कॅरियर की शुरुआत की। उनकी मां एक डांसर थीं और उनके पिता अमेरिकी सेना में लेफ्टिनेंट कर्नल थे। वह दो बार प्लेबॉय मैगजीन में भी नजर आईं और 1973 में ब्रूस जे फ्रेडमैन के नाटक 'स्टीमबाथ' के पीबीएस प्रसारण के दौरान जानबूझकर न्यूड अमेरिकी टेलीविजन पर दिखाई देने वाली पहली अभिनेत्री के रूप में सुर्खियों में आईं।



# देसी गर्ल का ब्लैक ड्रेस में दिखा स्वैग...

**मुंबई।** प्रियंका चोपड़ा ने मिलान में आयोजित एक इवेंट में शिरकत की। जहां पर प्रियंका के अलावा हॉलीवुड स्टार ऐनी हैथवे और दुआ लिपा के अलावा कई स्टार्स ने अपने लुक से सबका ध्यान अपनी ओर खींचा। प्रियंका चोपड़ा ने हाल ही में एक इवेंट में शिरकत की। इस दौरान प्रियंका ने ब्लैक स्ट्रैपलेस गाउन और स्लीक बन हेयरस्टाइल के साथ चमचाती ज्वेलरी में एक नया ट्रेंड सेट कर दिया है। इस इवेंट में प्रियंका के अलावा कई हॉलीवुड अभिनेत्रियां भी नजर आईं। यह पूरा इवेंट फैशन और ग्लैमर से भरा हुआ था, जिसमें हर कोई अपनी स्टाइल से सबका ध्यान खींच रहा था। हाल ही में एक ज्वेलरी ब्रांड ने इटली के मिलान शहर में अपना नया हाई-एंड कलेक्शन लॉन्च किया। यह इवेंट इतना शानदार था कि पूरा कार्यक्रम रेड कार्पेट जैसा लग रहा था।



# पैपराजी ने बहन को समझ लिया बीबी

**मुंबई।** फरदीन खान का एक वीडियो इस वक्त काफी चर्चा में है जिसमें उनके साथ नजर आ रही लेडी को लोग उनकी पत्नी बता रहे हैं। सोमवार को मुंबई में एक अवॉर्ड फंक्शन में पपाराजी के सामने पोज़ देते हुए फरदीन खान ने फाइनली लोगों की कन्फ्यूजन को दूर किया। दोनों कैमरे पर काले रंग के लिबास में ट्विनिंग करते दिखे। साथ में पोज़ देते हुए लोगों ने जिन्हें फरदीन खान की पत्नी बताया, उनके बारे में एक्टर ने कहा- ये बहन है, बीवी नहीं है। दरअसल, इस मौके पर फरदीन अपनी बहन लैला खान के साथ नज़र आए। पैपराजी ने लैला को फरदीन की पत्नी समझ लिया। फरदीन एक वीडियो में उनकी इसी गलती को सुधारते दिख रहे हैं। वीडियो में फरदीन कहते दिख रहे हैं, 'ये बहन है मेरी, बीवी नहीं।

टीवी मसाला



# इन कलाकारों ने 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' को कहा अलविदा

**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' टीवी के सबसे मशहूर शोज में से एक है। यह पिछले 18 वर्षों से दर्शकों की पसंद बना हुआ है। कई मशहूर कलाकारों ने किसी वजह से इस शो को छोड़ दिया। कुछ कलाकारों को कहीं काम नहीं मिला, कुछ ने खुद काम नहीं किया है। मोनिका भदौरिया ने 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के मेकर्स पर टॉर्चर करने और बुरा बर्ताव करने का इल्जाम लगाया था। इसके बाद उन्होंने शो से दूरी बना ली। इसके बाद वह किसी शो का हिस्सा नहीं बन सकीं। इन दिनों वह सोशल मीडिया पर अपने फोटो और वीडियो शेयर करती हैं। जेनिफर मिस्त्री बंसीवाल ने प्रोड्यूसर असित मोदी पर संगीन इल्जाम लगाए थे। इसके बाद उन्होंने शो को अलविदा कह दिया था। शो छोड़ने के बाद उन्हें काम नहीं मिल रहा। बताया जाता है कि वह अपने करियर के बुरे दौर से भी गुजरीं। अब वह सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर हैं। वह फनी वीडियो बनाती हैं। दिशा वकानी यानी दयाबेन ने साल 2017 में मैटरनिटी लीव के लिए 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' से ब्रेक लिया था। वह दो बच्चों की मां बन गईं। हालांकि उन्होंने दोबारा शो नहीं ज्वाइन किया। फिल्हाल वह एक्टिंग से दूर हैं। वह बच्चों और घर को संभाल रही हैं। गुरुचरण सिंह ने 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' को 2018 में अलविदा कहा था। उन्होंने अपने पिता की देखभाल के लिए ब्रेक लिया था। इसके बाद वह किसी शो का हिस्सा नहीं बन पाए। इन दिनों वह दिल्ली में एक रेस्टोरेंट चला रहे हैं। शो में शैलेश लोढ़ा ने तारक मेहता का रोल प्ले किया था। उनके भी असित मोदी के साथ रिश्ते खराब हो गए थे। मेकर्स के साथ फीस को लेकर उनकी अनबन हो गई थी। शो छोड़ने के बाद उन्होंने दूसरे शो 'वाह भाई वाह' को होस्ट किया।

## द ट्रेटर्स के दूसरे सीजन की शूटिंग शुरू

**नई दिल्ली।** करण जौहर के रियलिटी शो 'द ट्रेटर्स' के दूसरे सीजन की शूटिंग राजस्थान में शुरू हो गई है। इस हाई-स्टेक वाले साइकोलॉजिकल



रियलिटी फॉर्मेट के लिए कंटेस्टेंट्स का एक नया ग्रुप जैसलमेर पहुंच गया है। यह शो मशहूर पार्टी गेम 'माफिया' पर आधारित है। इस बार 'द ट्रेटर्स सीजन 2' में कई 'बिग बॉस' विनर्स हिस्सा लेने वाले हैं। इसमें एल्विश, श्वेता तिवारी, मुनव्वर फारूकी से लेकर रुबीना दिलैक तक के नाम हैं। हालांकि, अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। बताया जाता है 'द ट्रेटर्स 2' की शूटिंग लगभग 14 दिनों तक चलेगी। रिपोर्ट में 'द ट्रेटर्स सीजन 2' के कई अन्य कंटेस्टेंट्स के नाम का खुलासा किया गया है। इनमें 'बिग बॉस' से अथाह शोहरत पाने वाले यूट्यूबर अभिषेक मल्हान का भी नाम है।

# इस हफ्ते रिलीज होंगी हेल मैरी समेत ये हॉलीवुड एक्शन और थ्रिलर फिल्में

**मुंबई।** बॉलीवुड की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'धुरंधर द रिवेंज' रिलीज हो चुकी है। मगर आने वाले हफ्ते में हॉलीवुड में भी एक के बाद एक हाई ऑक्टेन एक्शन और थ्रिलर फिल्में रिलीज होने वाली है। जिनमें से एक का दर्शक काफी समय से इंतजार कर रहे थे।

**दे विल किल यू :** फिल्म 'दे विल किल यू' एक एक्शन, कॉमेडी फिल्म है। जिसमें एक पूर्व कैदी महिला का किरदार दिखाया है। वह एक हाउसहेल्प की जॉब के लिए न्यूयॉर्क शहर के रहस्यमय इलाके में पहुंचती है। जहां लोगों के गायब होने की घटनाएं घट रही हैं। वहां जा कर एशिया रीव्स के साथ बहुत कुछ अप्रत्याशित होता है। कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। यह फिल्म 27 मार्च को रिलीज होगी। फिल्म में जाजी बीट्ज, मायहाला, पैटरसन जोसेफ, टॉम फेल्टन मुख्य किरदार हैं।

**फॉर्बिडन फ्रूट :** 'फॉर्बिडन फ्रूट' एक कॉमेडी हॉरर फिल्म है। कहानी में एप्पल, चेरी और फिग नाम की जादूगरनियों साथ मिलकर अपना एक ग्रुप चलाती हैं। बाद में पम्पकिन नाम का एक किरदार उनसे जुड़ जाती है। जिसके बाद उन सब के बीच अफरा- तफरी मचा देती है। इस किरदार के आने से उन सब के बीच संदेह पैदा हो जाता है। फिल्म 27 मार्च को रिलीज होने वाली है। लिली रेनहार्ट, लोला टंग, विक्टोरिया पेड्रेटी, एलेक्जेंड्रा शिप, एम्मा चेम्बरलेन इस फिल्म में अहम भूमिका में नजर आएंगे।



**शी डांसेस :** शी डांसेस बहुत ही मार्मिक विषय पर बात करती है। पिता और बेटी के रिश्ते पर बेस्ड इस फिल्म में एक सिंगल पिता अपनी टीन एज बेटी से पहली मुलाकात करता है। जिसके बाद अपने और बेटी के संबंध सुधारने के लिए उसके साथ एक नृत्य प्रतियोगिता में उसे साथ ले जाने का फैसला करता है। यह कॉमेडी ड्रामा फिल्म 27 मार्च को रिलीज होगी। एथन हॉक, सोनेक्वा मार्टिन-ग्रीन, मैकेंजी ज़िग्लर, रोजमेरी डेविट कास्ट में हैं। फिल्म को रिक गोमेज ने निर्देशित किया है।

**द एआई डॉकः या हाउ आई बिकेम एन एपोकालोप्टिमिस्ट :** साइंस और एआई में रूचि रखने वालों के लिए यह फिल्म काफी इंट्रेस्टिंग है। डैनियल रोहर एक ऐसे समय में पिता बनना चाहता है जब एआई मानव जीवन पर हावी है। इस क्रम में वो एआई के दोनों पहलुओं को देखता है। सिर्फ यह जानने के लिए कि वो किस वातावरण में अपने बच्चे का स्वागत करेगा। द एआई डॉक एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म है जिसका निर्देशन खुद डैनियल रोहर ने चार्ली टायरेल के साथ मिलकर किया है।

# रैपर बादशाह ने ईशा के साथ गुपचुप तरीके से रचाई शादी

*मुंबई। चर्चित सिंगर और रैपर बादशाह ने शादी रचा ली है। बादशाह की शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। सिंगर ने ईशा रिखी के साथ गुपचुप तरीके से शादी रचाई है। यह बादशाह की दूसरी शादी है। इससे पहले उन्होंने जैस्मिन मसीह से शादी की थी। हालांकि, छह साल पहले दोनों का तलाक हो चुका है। अब ईशा के साथ उन्होंने जिंदगी का नया सफर शुरू किया है। बादशाह जहां म्यूजिक की दुनिया का बड़ा नाम हैं, वहीं उनकी दुल्हनिया ईशा रिखी का सिक्का अभिनय की दुनिया में चलता है। वे मॉडल और एक्ट्रेस हैं। ईशा रिखी का जन्म 9 सितंबर 1993 को चंडीगढ़ में हुआ था। उनकी स्कूलिंग चंडीगढ़ से ही हुई है। वहीं, से पंजाब यूनिवर्सिटी से बैचलर डिग्री हासिल की। 12वीं क्लास में ईशा ने मॉडलिंग शुरू कर दी थी।*



## 1978 के बाद बदला स्टारडम का पूरा गेम

# बिग बी की वो फिल्में, जिन्होंने छीन ली थी काका की नींद

*नई दिल्ली। 70 का दशक बॉलीवुड के पहले सुपरस्टार राजेश खन्ना के लिए एक सपने जैसा था, लेकिन अमिताभ बच्चन की लगातार 20 सफल फिल्मों ने इसे एक डरावनी सच्चाई में बदल दिया। 1973 की 'जंजीर' से शुरू हुआ यह ट्रेंड 1978 की 'मुकद्दर का सिकंदर' तक बॉलीवुड को पूरी तरह से बदल चुका था। इन फिल्मों की सफलता ने राजेश खन्ना के मन में स्टारडम खोने का ऐसा डर पैदा कर दिया।*

### एंग्री यंग मैन

अमिताभ बच्चन की उन 20 लैंडमार्क फिल्मों ने न सिर्फ बॉक्स ऑफिस के समीकरण बदले, बल्कि राजेश खन्ना के 'चॉकलेटी रोमांस' के दौर को भी खत्म कर दिया और 'एंग्री यंग मैन' के सुनहरे दौर की शुरुआत की। कहानी शुरू होती है 1973 से, जब राजेश खन्ना बॉक्स ऑफिस पर छाए हुए थे। लेकिन फिर, 'जंजीर' से पुलिस की वर्दी पहने एक 'एंग्री यंग मैन' ने ऐसी धूम मचाई कि पूरा सिस्टम हिल गया।

### घर-घर में हो गए मशहूर

इसके तुरंत बाद, ऋषिकेश मुखर्जी की 'नमक हराम' आई, जिसमें राजेश खन्ना के सामने खड़े अमिताभ ने शो चुरा लिया और कहा जाता है कि तभी पहली बार 'काका' को अपना स्टारडम खोने का डर सताने लगा। उसी साल अमिताभ ने अभिमान में एक कलाकार के ईगो की कहानी कहकर दर्शकों के दिलों में गहरी जगह बनाई. अगले दो सालों में अमिताभ बच्चन ने थ्रिलर और ड्रामा का कॉकटेल पेश किया, जिससे वह मजबूर, कसौटी और बेनाम जैसी फिल्मों से घर-घर में मशहूर हो गए।



### बॉलीवुड का बेताज बादशाह

आखिरकार, 1978 वह 'गोल्डन ईयर' बन गया जिसने पूरी तरह से खेल बदल दिया। 'डॉन' के रूप में, उन्होंने अंडरवर्ल्ड का ऐसा अकड़ दिखाया कि दुनिया दीवानी हो गई, जबकि त्रिशूल में अपने पिता के खिलाफ खड़े एक बागी बेटे के रूप में उनकी दहाड़ ने राजेश खन्ना की बची-खुची हिम्मत को चकनाचूर कर दिया। उसी साल कसमे वादे में अमिताभ बच्चन के डबल रोल और मुकद्दर का सिकंदर में उनके बलिदान, जिसमें सिकंदर जोहराबाई के कोठे पर मर जाता है, ने अमिताभ बच्चन को बॉलीवुड का बेताज बादशाह बना दिया।

### एक्टिंग की वर्सटैलिटी दिखाया

*1975 वह साल था जिसने बॉलीवुड के इतिहास को बांट दिया। एक तरफ 'दीवार' में अमिताभ बच्चन के 'आज खुश तो बहुत होगे तुम' ने राजेश खन्ना के 'चॉकलेट रोमांस' के ताबूत में आखिरी कील ठोक दी, तो दूसरी तरफ 'शोले' की सुनामी ने उन्हें 'सिक्का उछालने वाले' के तौर पर स्थापित कर दिया। उसी साल 'जमीर' और 'मिली' जैसी फिल्मों ने उनकी एक्टिंग की वर्सटैलिटी को दिखाया। 1970 के दशक के आगे बढ़ने के साथ, राजेश खन्ना को सोलो फिल्में पाने के लिए संघर्ष करना पड़ा, जबकि अमिताभ बच्चन ने मल्टी-स्टारर फिल्मों के साथ बॉक्स ऑफिस पर राज किया।*

### बैक-टू-बैक हिट फिल्में

*दो अनजाने में बदले की आग और हेरा फेरी की मस्ती ने उन्हें युवाओं का पसंदीदा बना दिया। फिर 1977 में अमर अकबर एंथनी ने कॉमेडी और कमर्शियल सिनेमा के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। इसने परवरिश, खून पसीना और अदालत जैसी बैक-टू-बैक हिट फिल्मों के साथ, राजेश खन्ना को एहसास दिलाया कि वह दौर जब सिर्फ 'गर्दन टेढ़ी करके मुस्कुराने' से फिल्में बन जाती थीं, अब खत्म हो गया है।*

## खबर संक्षेप



### ब्रह्म निष्ठालय आश्रम से निकला मां का डोला

**जशपुरनगर।** वासन्तिक नवरात्र के पावन अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी सोगड़ा आश्रम में श्रद्धा और उत्साह का माहौल देखते ही बन रहा है। मंगलवार 24 मार्च को सप्तमी तिथि के शुभ अवसर पर ब्रह्मनिष्ठालय सोगड़ा आश्रम में मां कालरात्रि की विशेष पूजा-अर्चना विधि-विधान से संपन्न की गई। इस दौरान पूरा क्षेत्र माता के जयकारों से गुंजायमान रहा सप्तमी के अवसर पर आश्रम की प्राचीन परंपरा का निर्वहन करते हुए शाम 7 बजे 'मां का डोला' निकाला गया। मां भगवती को विशेष रूप से सुसज्जित भव्य डोले में विराजमान किया गया। पारंपरिक वाद्ययंत्रों की मधुर ध्वनि, कीर्तन-भजन और श्रद्धालुओं के गगनभेदी जयकारों के बीच यह डोला मंदिर प्रांगण से प्रस्थान किया। भक्तों का उत्साह ऐसा था कि हर कोई मां की एक झलक पाने को आतुर दिखा।

### जैन गौरव अलंकरण से सम्मानित हुईं स्वाति



**जशपुरनगर।** जशपुरनगर की प्रख्यात पेरेंटिंग एवं सोशल-इमोशनल लर्निंग कोच श्रीमती स्वाति जैन को भारतीय जैन संघटना छत्तीसगढ़ द्वारा प्रतिष्ठित "जैन गौरव अलंकरण"से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें मानसिक स्वास्थ्य, बाल एवं किशोर विकास तथा पेरेंटिंग के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट और निरंतर योगदान के लिए प्रदान किया गया। स्वाति जैन पिछले 10 वर्षों से हजारों बच्चों और अभिभावकों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का कार्य कर रही हैं। उन्होंने स्कूलों, शैक्षणिक संस्थानों और व्यक्तिगत स्तर पर काउंसलिंग सत्रों एवं वर्कशॉप्स के माध्यम से बच्चों के भावनात्मक विकास, व्यवहारिक समझ और पारिवारिक संबंधों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। स्वाति जैन शहर के प्रतिष्ठित जैन परिवार से संबंध रखती हैं। वे समाजसेवी प्रदीप जैन की बहू एवं व्यवसायी अभिषेक जैन की पत्नी हैं। पारिवारिक पृष्ठभूमि से ही उन्हें सामाजिक कार्यों के प्रति प्रेरणा मिली, जिसका प्रभाव उनके कार्यों में साफ तौर पर दिखाई देता है। उनका कार्य विशेष रूप से सोशल-इमोशनल डेवलपमेंट, माइंडफुल पेरेंटिंग और किशोर मानसिक स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर केंद्रित है। आज के दौर में बढ़ते मानसिक तनाव और व्यवहारिक चुनौतियों के बीच उनका मार्गदर्शन परिवारों के लिए बेहद उपयोगी साबित हो रहा

### अवैध शराब के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी

**जशपुरनगर।** जिले में अवैध शराब के निर्माण, भंडारण एवं बिक्री के विरुद्ध आबकारी विभाग द्वारा लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर रोहित व्यास ने अधिकारियों को नियमित जांच एवं छापेमारी सुनिश्चित करते हुए अवैध शराब के निर्माण, परिवहन और विक्रय में संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में जिला आबकारी अधिकारी महिमा पट्टावी के मार्गदर्शन में आबकारी वृत्त पत्थलगांव की टीम ने सेन्दरीबहार थाना पत्थलगांव क्षेत्र में 24 मार्च को छापामार कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान एक व्यक्ति को उसके आवास से 30. 800 लीटर देशी मदिरा के साथ गिरफ्तार किया गया। जांच में पाया गया कि, आरोपी उक्त मदिरा को झारखंड से विक्रय के उद्देश्य से लाया था। आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क), 34(2), 36 एवं 59(क) के तहत प्रकरण दर्ज कर उसे रिमांड पर लेकर जेल भेज दिया गया है।

### गौपालन से मजबूत हुई किसान की आर्थिक स्थिति



**जशपुरनगर।** जिले के नगर पंचायत बगीचा के किसान मधुसुदन भगत पिछले कई वर्षों से समर्पण और मेहनत के साथ गौपालन को सफल व्यवसाय के रूप में आगे बढ़ा रहे है। आधुनिक तकनीकों और पशुधन विकास विभाग की मदद से उन्होंने अपने पशुपालन को एक प्रेरणादायक मॉडल बना दिया है। मधुसुदन की कहानी 2005 से बड़े रूप में गौपालन का काम कर रहे हैं। 27 गाय प्रतिदिन 60 लीटर से ज्यादा दूध देती है, जिसकी नगर में खपत हो जाती है। किसान ने कुल 27 गौपालन कर रहे हैं और पशुओं के गोबर का उपयोग अपने खेतों में खाद के रूप में करते हैं। उन्होंने बताया कि, उनके पास जर्सी नस्ल के गाय है कुछ लोकल मिक्स ब्रीड के गाय का भी पालन करते हैं।

## लिंग भ्रूण परीक्षण पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी

**घायलों की जान बचाने वालों को किया जाएगा सम्मानित: कलेक्टर**

**टीबी व कुष्ठ मरीजों को निशुल्क दवाई उपलब्ध कराने के निर्देश**

# कलेटर ने ली प्राइवेट हॉस्पिटल पैथोलॉजी संचालकों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



कलेक्टर रोहित व्यास ने बुधवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में प्राइवेट हॉस्पिटल और निजी पैथोलॉजी संचालकों की समीक्षा बैठक ली। कलेक्टर ने सभी प्राइवेट हॉस्पिटल के डॉक्टरों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि, गर्भवती महिलाओं का सोनोग्राफी अल्ट्रासाउंड के माध्यम से लिंग भ्रूण का पता लगाना कानूनी अपराध है।

किसी भी संस्थान के दौरा ऐसी शिकायतें मिलती हैं, तो संबंधित संस्था के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी और संस्था के विरुद्ध एफआईआर भी दर्ज किया जाएगा। कलेक्टर ने समीक्षा के दौरान प्राइवेट हॉस्पिटल में होने वाले गर्भवती महिलाओं की जांच और सिजेरियन ऑपरेशन की भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि, पत्थलगांव निजी अस्पताल से और कुनकुरी के 2 प्राइवेट हॉस्पिटल की ज्यादा शिकायतें मिल रही है। अस्पताल संचालकों को व्यवस्था में सुधार लाने की सख्त हिदायत दी है। कलेक्टर ने कहा कि, बेटियां नहीं रहेगी तो अपने बेटों के लिए बहू कहां से ला पाएंगे, इसलिए बेटियों को भी बचाने की जिम्मेदारी सभी पालकों की है। कलेक्टर ने सभी प्राइवेट हॉस्पिटल के संचालकों को प्रधानमंत्री 'मातृ वंदना योजना' के तहत सभी गर्भवती महिलाओं और अन्य महिलाओं का प्रत्येक माह के सप्ताह के दो दिन 9 तारीख और 24 तारीख को निशुल्क स्वास्थ्य जांच करने के निर्देश दिए हैं। और महिलाओं का एएनसी जांच करने के लिए कहा है। उन्होंने कहा, स्वास्थ्य परीक्षण से हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की स्थिति पहले से पता चल पाएगी, ताकि उचित इलाज समय पर किया जा सके। कलेक्टर ने आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की गर्भवती महिलाओं का अनिवार्य रूप से स्वास्थ्य जांच करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने जिला अस्पताल के गर्भवती महिलाओं के संस्थागत प्रसव की जानकारी ली और कम प्रगति पर गहरी नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने और प्रगति लाने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कुनकुरी निजी अस्पताल में सिजेरियन ऑपरेशन के ज्यादा केस आने पर इसे गंभीरता से लेने के निर्देश दिए हैं, और मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी को टीम गठित करके जिन अस्पताल में ज्यादा शिकायतें मिल रही हैं, वहां जांच करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने समीक्षा के दौरान केंद्र सरकार की राहवीर योजना की भी जानकारी दी। कलेक्टर ने कहा कि, दुर्घटना में घायलों की जान बचाने वालों सम्मानित किया जाएगा। और शासन द्वारा निर्धारित राशि भी इनाम के रूप देने का प्रावधान किया गया है। योजना का उद्देश्य गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को दुर्घटना के एक घंटे के भीतर अस्पताल पहुंचाना है जिसे गोल्डन ऑवर कहा जाता है। इस दौरान घायलों को समय पर चिकित्सकीय सहायता मिल जाए तो मरीज की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि, जो भी व्यक्ति तत्परता से घायलों को अस्पताल पहुचांता है, उस व्यक्ति को राहवीर की उपाधि दी जाएगी और सम्मानित किया जाएगा।

कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी को जिले में टीबी और कुष्ठ मरीजों का स्वास्थ्य जांच करके चिन्हांकन करने के निर्देश दिए हैं, और मरीजों को समय पर दवाइयां उपलब्ध कराने के लिए कहा है। टीबी मुक्त अभियान के तहत 100 दिन का जिले में कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। इस दौरान टीबी से संभावित मरीजों का चिन्हांकन किया जाएगा और उन्हें निशुल्क दवाई उपलब्ध कराई जाएगी। कलेक्टर ने स्वास्थ्य केंद्र में गर्भवती महिलाओं और बच्चों का समय पर टीकाकरण करने निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जीएस जात्रा और प्राइवेट हॉस्पिटल के संचालक और निजी पैथोलॉजी संचालक उपस्थित थे।



## टीबी मुक्त जशपुर बनाने की दिशा में बड़ी पहल

**जशपुरनगर।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत 24 मार्च को विश्व क्षय दिवस के अवसर पर जिले में 100 दिवसीय 'निक्षय निरामय 2.0 अभियान' का शुभारंभ किया गया। कलेक्टर रोहित व्यास ने स्वास्थ्य अधिकारियों को अभियान के तहत व्यापक स्तर पर जांच एवं सर्वे कर टीबी मरीजों की पहचान सुनिश्चित करने तथा उन्हें समय पर उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं, ताकि जिले को टीबी मुक्त बनाया जा सके। उन्होंने आम नागरिकों से भी अपील की है कि, टीबी के लक्षण दिखाई देने पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर जांच एवं उपचार कराएं और अभियान को सफल बनाने में सहयोग दें। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जीएस जात्रा एवं अन्य अधिकारियों ने प्रचार प्रसार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

**खास बात**

- 100 दिवसीय निक्षय निरामय 2 .0 अभियान का शुभारंभ

**उच्च जोखिम वाले मरीजों को पहचान कर किया जाएगा उपचार-** अभियान का उद्देश्य उच्च जोखिम वाले व्यक्तियों की स्क्रीनिंग कर टीबी के समस्त एवं छूटे हुए मरीजों की पुष्टि करना, टीबी की दवाई व पोषण आहार प्रदाय कर मृत्यु को कम करना, टीबी संक्रमण को रोकने हेतु प्रिवेंटिव ट्रीटमेंट प्रदाय करना, तथा टीबी से बचाव, रोकथाम एवं उपचार को बढ़ावा देने हेतु जनभागीदारी सुनिश्चित करना है। इसके साथ ही 14 वर्ष से अधिक उम्र के समस्त व्यक्तियों की स्क्रीनिंग किये जाने या 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में यदि पिछले 2 साल में टीबी बीमारी हो, टीबी मरीज के कॉन्टेक्ट रहे हों, गंभीर कुपोषित हो, एचआईव्ही से ग्रसित हो या उच्च जोखिम समूह में हो तो भी स्क्रीनिंग किया जाना है। इसके अलावा 60 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्तियों को प्रतिवर्ष 2 बार एक्स-रे के द्वारा स्क्रीनिंग और टीबी मरीज के सम्पर्क में आने वालों को शत प्रतिशत निशुल्क प्रिवेंटिव ट्रीटमेंट लेना अनिवार्य है।

**4 चरणों में चलाया जाएगा अभियान-** यह अभियान 4 चरणों में आयोजित होगा। प्रथम चरण में मितानिनों द्वारा घर-घर भ्रमण कर लक्षण के अनुसार लाक्षणिक स्क्रीनिंग करना एवं उच्च जोखिम व्यक्तियों की सूची अद्यतन करना। दूसरे से चौथे चरण में विभिन्न स्तर के अस्पतालों में आयुष्मान शिविर आयोजित कर सिंप्टोमेटिक एवं हैंडहेल्ड एक्स-रे का उपयोग कर स्क्रीनिंग करना है। अभियान के दौरान प्रत्येक हैंडहेल्ड एक्स-रे मशीन से न्यूनतम 100 एक्स-रे एवं अधिकतम 200 एक्स-रे प्रतिदिन करने का लक्ष्य रखा गया है। इस दौरान ओपीडी में आने वाले मरीजों में से 5 से 10 प्रतिशत मरीजों का टीबी स्क्रीनिंग करने का भी लक्ष्य रखा गया है।

## जनसेवा अभेद आश्रम में निकला मां भगवती का डोला



**जशपुरनगर।** चैत्र नवरात्र की सप्तमी तिथि पर मंगलवार की शाम नारायणपुर आश्रम स्थित जनसेवा अभेद आश्रम चिटकवाइन एक बार फिर आस्था, परंपरा और भक्ति के विराट संगम का साक्षी बना। शाम ढलते ही पूरा आश्रम परिसर श्रद्धालुओं की भीड़ से खचाखच भर गया। दूर-दराज के गांवों से लेकर अन्य राज्यों तक से पहुंचे भक्तों ने मां भगवती के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए बड़ी संख्या में उपस्थिति दर्ज कराई। शाम को नगर भ्रमण ले लिए मां भगवती को पूरे श्रृंगार के साथ डोला पर विराजमान किया गया। संध्या होते-होते वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। शाम करीब 7:30 बजे विधि-विधान से पूजन के उपरांत मां भगवती को भव्य रूप से सुसज्जित डोले में विराजमान किया गया। इसके बाद जैसे ही डोला यात्रा प्रारंभ हुई, "जय मां सर्वेश्वरी " के गगनभेदी जयकारों, ढोल-नगाड़ों की गूंज और भजन-कीर्तन की स्वर लहरियों ने पूरे क्षेत्र को भक्ति में सराबोर कर दिया। साधकों और श्रद्धालुओं ने बारी-बारी से कंधे पर मां की डोली उठाई और पूरे उत्साह व श्रद्धा के साथ यात्रा में शामिल हुए। महिलाएं जयकारा गीत गाती हुई आगे बढ़ रही थीं, तो युवक ढोल-नगाड़ों की थाप पर झूमते नजर आए।

### आग की चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत

**पुसौर।** ग्राम पडिगांव के समारी निषाद पति दुर्योधन निषाद 72 का आग के चपेट में आने से मौत होने की घटना सामने आई है। सूत्रों के मुताबिक उक्त महिला मानसिक रूप से कमजोर थी जो अपने घर के कचरा जलाने के लिए अपने बाड़ी गई थी, जहां आग लगाने के बीच उसके चपेट में आने से घटना स्थल में ही मौत हो गई।

## बागबहार में एसडीएम लिंक कोर्ट की शुरुआत

### 53 गांवों को होगा लाभ, ग्रामीणों ने सीएम का जताया आभार



**जशपुरनगर।** जिले के बागबहार तहसील में एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक सुविधा की शुरुआत हो गई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की घोषणा के अनुरूप बागबहार में एसडीएम लिंक कोर्ट का संचालन प्रारंभ कर दिया गया है। इस पहल से क्षेत्र के 53 गांवों के लोगों को अब अपने राजस्व एवं अन्य प्रकरणों के लिए पत्थलगांव जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

अब स्थानीय स्तर पर ही न्यायिक एवं प्रशासनिक कार्यों का त्वरित निपटारा संभव हो सकेगा। विशेष रूप से ग्रामीण एवं दूरस्थ अंचलों में रहने वाले नागरिकों को इसका सीधा लाभ मिलेगा, जिससे उनके समय, श्रम और धन की उल्लेखनीय बचत होगी। एसडीएम लिंक कोर्ट का संचालन प्रत्येक सप्ताह बुधवार को किया जाएगा। इससे लंबित राजस्व मामलों के निराकरण में तेजी आएगी और न्याय प्रक्रिया अधिक सुदृढ़ एवं त्वरित बनेगी। गौरतलब है कि, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 24 जनवरी 2026 को कोतबा में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान बागबहार में एसडीएम लिंक कोर्ट प्रारंभ करने की घोषणा की थी, जिसे अमलीजामा पहनाया गया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की संवेदनशीलता और सुशासन के संकल्प के परिणामस्वरूप बागबहार क्षेत्र के ग्रामीणों को अब अपने राजस्व एवं प्रशासनिक कार्यों के लिए लंबी दूरी तय करने की आवश्यकता नहीं होगी। एसडीएम लिंक कोर्ट प्रारंभ होने पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि, यह सुविधा क्षेत्र के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे प्रशासन आम जनता के और अधिक करीब आया है। उन्होंने इस पहल के लिए मुख्यमंत्री के प्रति आभार भी व्यक्त किया है।

## 36 घंटे का व्रत पूरा, छठ महापर्व संपन्न



**जशपुरनगर।** आस्था, अनुशासन और तपस्या के महापर्व चैती छठ का बुधवार सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ समापन हो गया। चार दिनों तक चले इस पर्व के अंतिम दिन तड़के से ही शहर के सभी छठ घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। व्रती महिलाओं ने जल में खड़े होकर सूर्यदेव को अर्घ्य अर्पित किया और परिवार की सुख-समृद्धि व संतान के मंगल जीवन की कामना की। सुबह होते ही घाटों का नजारा भक्तिमय हो उठा। छठी मैया के गीतों से वातावरण गुंजायमान रहा। महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में पूरी श्रद्धा के साथ पूजा-अर्चना की। घाटों पर सुरक्षा और साफ-सफाई के भी पुख्ता इंतजाम देखने को मिले।

## भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना से मजदूरों को आर्थिक संबल



**मजदूरों के सम्मान का प्रतीक है योजना: मुख्यमंत्री**
**मजदूरों के खातों में अंतरित की गई 495 करोड़ की राशि**
**जिले के 7 हजार से अधिक हितग्राही हुए लाभान्वित**

**जशपुरनगर।** दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के अंतर्गत प्रदेश स्तरीय मुख्य कार्यक्रम आज बलौदाबाजार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रिमोट का बटन दबाकर प्रदेश के 4 लाख 95 हजार 965 हितग्राहियों के बैंक खातों में 495 करोड़ 96 लाख रुपए की राशि अंतरित की। इस योजना के तहत प्रत्येक भूमिहीन मजदूर हितग्राही को प्रतिवर्ष 10 हजार रुपए की सहायता प्रदान की जाती है।

पिछले वर्ष भी 562.11 करोड़ रुपए की राशि हितग्राहियों के खातों में अंतरित की गई थी। इस योजना से जशपुर जिले के 7 हजार से अधिक हितग्राहियों को भी लाभान्वित किया गया। जिले में इसका जिला स्तरीय कार्यक्रम कृषि महाविद्यालय कुनकुरी में आयोजित किया गया, जहां अतिथियों एवं ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री के कार्यक्रम से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़कर सहभागिता निभाई।

इस मौके पर मुख्यमंत्री साय ने कहा कि, यह कार्यक्रम केवल राशि वितरण नहीं, बल्कि भूमिहीन मजदूरों के प्रति सरकार के सम्मान और संकल्प का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि, इस योजना के अंतर्गत पारंपरिक औषधीय परंपराओं को जीवित रखने वाले 22 हजार 28 बैगा-गुनिया को भी शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि, भूमिहीन कृषि मजदूर हमारी कृषि अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और सरकार उनकी मेहनत का सम्मान करती है। यह योजना गरीब परिवारों के जीवन में आर्थिक सहारा प्रदान कर रही है। उन्होंने यह भी बताया कि, आगामी वर्षों में भी इस योजना को जारी रखने हेतु बजट में प्रावधान किया गया है।

जिला स्तरीय कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों की सहभागिता- कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय ने कहा कि, कुनकुरी में आयोजित कृषि क्रांति एक्सपो 2.0 के माध्यम से किसानों को आधुनिक तकनीकों की जानकारी मिली है और अब भूमिहीन मजदूरों को आर्थिक सहायता प्रदान कर सरकार ने उनके जीवन को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। उन्होंने कहा कि यह राशि मजदूरों के परिवार के पालन-पोषण एवं आजीविका संवर्धन में अत्यंत उपयोगी साबित होगी। यह योजना प्रदेश के भूमिहीन मजदूरों के लिए आर्थिक सुरक्षा का मजबूत आधार बनकर उभर रही है और उनके जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव ला रही है। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय, जनपद पंचायत कुनकुरी अध्यक्ष सुशीला साय, उपाध्यक्ष बालेश्वर यादव, कलेक्टर रोहित व्यास, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार, एसडीएम कुनकुरी नन्दजी पांडे, सरपंच ग्राम पंचायत रेमते सरिता तिर्की सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री ने हितग्राही से किया संवाद

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देवसाय ने जशपुर जिले के ग्राम रेमते निवासी हितग्राही कन्हैया लाल से सीधा संवाद किया। मुख्यमंत्री ने उन्हें योजना के तहत प्राप्त राशि के बेहतर उपयोग की शुभकामनाएं दी। कन्हैया लाल ने बताया कि, पिछले वर्ष मिली राशि से उन्होंने बकरी पालन शुरू किया, जिससे उनकी आय में वृद्धि हुई है। इस वर्ष की राशि का उपयोग वे प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बन रहे घर में टाइल्स लगाने में करेंगे। मुख्यमंत्री ने उनकी सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी।

### योजना से मिलेगा व्यापक लाभ

दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के तहत भूमिहीन कृषि मजदूरों के साथ-साथ वनोपज संग्राहक, चरवाहा, बढ़ई, लोहार, मोची, नाई, धोबी तथा पौनी-पसारी व्यवस्था से जुड़े परिवारों को भी शामिल किया गया है। इसके अलावा अनुसूचित क्षेत्रों में देवस्थलों में पूजा करने वाले पुजारी, बैगा, गुनिया एवं मांझी परिवारों को भी इस योजना का लाभ दिया जा रहा है।

## पं दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान का समापन

### कार्यकर्ताओं को मिला संगठनात्मक सशक्तिकरण का मंत्र




**जशपुरनगर।** पण्डित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान 2026 के अंतर्गत जशपुर मण्डल में आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला का समापन उत्साह और गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। दूसरे एवं अंतिम दिन की शुरुआत भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलन तथा राजकीय गीत के साथ की गई।कार्यक्रम के दूसरे दिन विभिन्न विषयों पर वरिष्ठ नेताओं ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया और संगठन को मजबूत बनाने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

संगठन की असली पहचान कार्यकर्ताओं के व्यवहार से होती है- भाजपा के पूर्व प्रदेश महामंत्री कृष्ण कुमार राय ने कहा कि, संगठन की असली पहचान कार्यकर्ताओं के व्यवहार से होती है। उन्होंने कहा कि, कार्यकर्ता का आचरण ही जनता के बीच पार्टी की छवि बनाता है, इसलिए हर कार्यकर्ता को विनम्रता, अनुशासन और सेवा भाव के साथ कार्य करना चाहिए। बलरामपुर जिला संगठन प्रभारी एवं पूर्व जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश सिन्हा ने कहा कि, संगठन की मजबूती बूथ स्तर से ही सुनिश्चित होती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि, वे प्रत्येक घर तक पहुंच बनाएं और पार्टी की नीतियों एवं उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाएं। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं पूर्व जिलाध्यक्ष नरेश नंदे ने कार्य पद्धति विषय पर संगठन की संरचना, कार्यशैली और अनुशासन की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसी भी संगठन की सफलता उसके सुव्यवस्थित कार्यपद्धति पर निर्भर करती है।

डिजिटल प्लेटफॉर्म संगठन का एक महत्वपूर्ण माध्यम- पूर्व संयोजक आईटी सेल विनोद निकुंज ने कहा कि, आज के दौर में डिजिटल प्लेटफॉर्म संगठन का एक महत्वपूर्ण माध्यम बन चुका है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को सोशल मीडिया के सही और प्रभावी उपयोग के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि पार्टी की नीतियों, योजनाओं और उपलब्धियों को सकारात्मक तरीके से जनता तक पहुंचाना प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है। उन्होंने फेक न्यूज से बचने व तथ्यात्मक जानकारी साझा करने की सलाह दी। प्रशिक्षण अभियान के दूसरे दिन नगरपालिका अध्यक्ष अरविंद भगत सहित राजकपूर भगत, रूपेश सोनी, शारदा प्रधान, राजू गुप्ता, मुकेश सोनी, दीपक चौहान, अनिता पैंकरा, कृपा भगत, राजा सोनी, सतीश गोस्वामी, नागेन्द्र भगत, रागिनी भगत, नीतू गुप्ता, रोमी गुप्ता, आशु राय, दीपक गुप्ता, सज्जू खान, आकाश गुप्ता, सुरेंद्र यादव, कंचन बैरागी, शशि बाई, अमित साय, राहुल गुप्ता, दीपू मिश्रा, दीपक सिंह, रूपेश सिंह सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अखिल भारतीय अखंड भुइयां भूयां समाज का महासम्मेलन



**जशपुरनगर।** अखिल भारतीय भुइयां व भूयां समाज का महासम्मेलन 21,22 मार्च को ग्राम तुमला, विकासखंड- फरसाबहार में आयोजित हुआ, जिसमें उड़िसा, झारखंड और छत्तीसगढ़ राज्य के जशपुर, रायगढ़, शक्ति, जांजगीर चांपा, बलरामपुर, सरगुजा, प्रतापपुर, लखनपुर तथा अन्य जिलों के विभिन्न जगहों से लगभग सात से आठ हजार लोगों की उपस्थिति रही इस सम्मेलन में भुइयां समाज के परिवारों की स्थिति,बाल बच्चों की पढ़ाई-लिखाई, नौकरी रोजगार की स्थिति, विवाह शादी, जन्म, मृत्यु, छट्ठी कार्यक्रम में कम खर्च के लिए कड़े से कड़े नियम लागू किये गए तथा समाज के एकीकरण पर विचार किया गया। चूंकि यह सम्मेलन दो दिवसीय था, इसलिए बच्चों और महिलाओं के विभिन्न कार्यक्रमों के बीच समाज के की विशिष्ट जनों का उद्बोधन उड़िसा, झारखंड और हमारे छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न जिलों, मंडल व जोन से आए लोगों का अभिभाषण समाज में व्याप्त कुरितियों और कमी बेशी का उदाहरण देते हुए और इसके सुधार के लिए सुझाव प्रस्तुत किए। दूसरे दिन की शुरुआत भी देवी माता की आरती और अतिथियों के स्वागत बंधन से प्रारंभ हुई। इस अवसर पर कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कौशल्या देवी साय मौजूद रहीं।

